# जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक– 23.07.2025 का कार्यवृत्त।

दिनांक 23.07.2025 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमे निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
2 जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कौशाम्बी।
3 समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4 श्री ए0के0 ध्रुवंश, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5 समस्त जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
6 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मेधज्, टी0पी0आई0, मंझनपुर कौशाम्बी।
7 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
8 जनरल मैनेजर/प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

सर्वप्रथम विगत बैठक दिनांक 19.06.2025 के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या प्रस्तुत किया गया। जिसका अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवलोकन उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। तदोपरान्त दोनो सूचीबद्ध फर्मो के कार्यो की प्रगति में आपेक्षाकृत सुधार न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुये फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक मैनपावर बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में हाउस कनेक्शन कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऐं)

साथ ही बैठक में अवगत कराया गया कि मण्डलायुक्त महोदय, प्रयागराज द्वारा पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस कनेक्शन हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों के पुनर्स्थापना कार्य की स्थिति असंतोषजनक होने पर नाराजगी प्रकट की गयी है। जिस पर दोनो सूचीबद्ध फर्मो को निर्देश दिये गये है कि पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस कनेक्शन हेतु तोडी गयी समस्त प्रकार की सड़को/गलियों के गुणवत्ता सहित पुनर्स्थापना का कार्य एवं Settled Road को पुनः मरम्मत कराकर दिनांक 10.08.2025 तक पूर्व की स्थिति में पुनर्स्थापित कराना सुनिश्चित करे। समस्त सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर अपने–अपने कार्य क्षेत्र की पेयजल योजनाओं पर सड़क/गलियों के पुनर्स्थापना का कार्य अपनी निगरानी मे पूर्व की भॉति गुणवत्ता सहित पूर्ण कराये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऐं)

**अन्य निर्देश :–**

1. दिनांक 23.07.2025 को जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी के अनुपस्थित रहने के कारण एक दिन का वेतन रोका जाये।
2. टी0पी0आई0, एजेन्सी द्वारा फर्मो से NC का Compliance कराकर प्रत्येक माह संकलित सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये।
3. टी0पी0आई0, एजेन्सी द्वारा समस्त पुनर्स्थापित सड़को/गलियो का शत्–प्रतिशत सत्यापन किया जाये।
4. टी0पी0आई0, एजेन्सी के कर्मचारियो द्वारा प्रत्येक माह निरीक्षण की गयी योजनाओ की रिपोर्ट, फोटो सहित उपलब्ध करायी जाये।
5. खण्ड विकास अधिकारियो के साथ योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण कर, पेयजल कनेक्शनों में मोटर (टुल्लू) लगाने वाले ग्रामीणो की सूची तैयार कर (टुल्लू) हटवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।
6. विकास खण्ड– कौशाम्बी की अतरसुईया पेयजल में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता रिपोर्ट एवं सत्यापन आख्या प्रस्तुत की जाये।
7. जिन पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि अप्राप्त है तथा कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है तो, उनमें निजी भूमि क्रय करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाये।
8. प्रत्येक पेयजल योजना की विकास खण्डवार, फर्म वार रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाये।
9. विकास खण्ड – सिराथू मे शेष बचे हुये कार्यो को 01 माह में पूर्ण कराये तथा जिन योजनाओं पर (ट्यूबवेल, उच्च जलाशय, पाइप लाइन व हाउस कनेक्शन) कार्य पूर्ण कराये जा चुके है, वहाँ तत्काल विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर तत्काल ट्रान्सफार्मर अधिष्ठापित करवाकर योजना को संचालित किया जाये।

CamScanner

10. जिला समन्वयक/सी.बी. एण्ड टी. समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी को निर्देश दिये गये कि आई0एस0ए0/ आई0ई0सी0 संस्थाओं से सम्बन्धित समस्त सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये एवं FTK Testing की संख्या बढ़ाकर शत्–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाये।
11. जिला समन्वयक/सी.बी. एण्ड टी. समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी को निर्देश दिये गये कि समस्त आई0एस0ए0/ आई0ई0सी0 संस्थाओं को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से कार्यो एवं गतिविधियों के सन्दर्भ में पत्र प्रेषित किया जाये।
12. विकास खण्ड– नेवादा में निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति के सन्दर्भ में अधोहस्ताक्षरी के स्तर से फर्म को नोटिस निर्गत किया जाये।

(कार्यवाही– E.E. UPJN(R)/D.P.M TPI Agenc/ D.C. DPMU)

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी।

पत्रांक 2110 /जल जीवन मिशन/ 24-25 / 175 दिनांकः– 28/7/25

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी को सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कौशाम्बी।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4. समस्त सहा0 अभि0/जूनि0इंजी0 को इस निर्देश के साथ कि नियमित अनुश्रवण/व्यक्तिगत ध्यान देते हुये दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन फर्मो से कराते हुये गुणवत्तापूर्ण ससमय कार्य कराना सुनिश्चित करें।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों के शत्–प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करें।
6. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त टी0पी0आई0 कर्मचारी निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर व्यक्तिगत ध्यान देते हुये, नियमित रूप से साइटों पर उपस्थित रहकर फर्मो से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाये।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक मे दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
VINOD RAM TRIPATHI
Date: 28-07-2025
12:49:54

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

CamScanner